**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झॉसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झॉसी की अध्यक्षता में दिनांक 06.06.2022 को आहूत साप्ताहिक बैठक का कार्यवृत।**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झॉसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु दिनांक 06.06.2022 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में साप्ताहिक बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री रणविजय सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
2. श्री वैभव गंगवार, सहायक अभियन्ता (वि0/यॉ0), एस.डब्लू.एस.एम., झॉसी।
3. श्री ओ.वी.एस.एस. मूर्ति, परियोजना प्रबन्धक, आई.एच.पी.
4. श्री विजय लोखण्डे, डी.जी.एम., एन.सी.सी.
5. श्री लक्ष्मीनारायण, बी.जी.सी.सी.
6. श्री विशाल सिंह, यूनिप्रो इन्फ्रा स्ट्रक्चर्स।
7. श्री टीपू सुल्तान, दारा इंजीनियरिंग।
8. समस्त सहायक अभियन्ता (सिविल), एस.डब्लू.एस.एम., झॉसी।
9. समस्त जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
10. श्री राजेश कुमार गुप्ता टीम लीडर टी.पी.आई. झॉसी।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद झॉसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्राप्त करने की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि गुलारा, बचावली, तिलैथा, बुढपुरा, बढ़वार, कुरैछा तथा इमलौटा ग्रा.स.पे. योजनान्तर्गत वन विभाग के नियंत्रणाधीन भूमि पर पाईप लाइन बिछाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु अभिलेख तैयार कर प्रभागीय वनाधिकारी, झॉसी वन प्रभाग, झॉसी के माध्यम से वन विभाग मुख्यालय, लखनऊ प्रेषित की जा चुकी है। मुख्यालय स्तर पर प्रकरण लम्बित है। बरथरी–टेहरका ग्रा.स.पे. योजना के सम्बन्ध में अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया कि अनापत्ति हेतु वांछित कैमिल फाईल तैयार कर वन विभाग को प्रेषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण फर्म के स्तर पर लम्बित है।



इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न खण्डों के नियंत्रणाधीन क्षेत्र में पाईप लाइन बिछाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि गुलारा, बचावली, तिलैथा एवं बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में पाईप लाइन बिछाने हेतु लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने के सापेक्ष वांछित धनराशि की बी.जी.

अनुबन्धित फर्म द्वारा जमा नही की गयी है, जिसके आभाव अनापत्ति प्राप्त करने में विलम्ब हो रही है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के डी.जी.एम. श्री विजय लोखण्डे को निर्देशित किया गया है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु बांछित बी.जी. आगामी 02 दिवस के अन्दर प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करे। बरथरी–टेहरका एवं इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु बांछित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया कि अनापत्ति प्राप्त करने हेतु वांछित बी.जी. आगामी 02 कार्य मे सम्बन्धित विभाग में जमा कर दी जायेगी। कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत अप्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्रो को प्राप्त करने के सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री आ.वी.एस.एस. मूर्ति को निर्देशित किया गया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु बांछित कार्यवाही 10.06.2022 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करते हुये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

राष्ट्रीय राजमार्गो के समानान्तरण एवं सड़क क्रॉस करते हुये पाईप लाइन बिछाने हेतु एन.एच. 27 पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु गुलारा, बचावली, तिलैथा एवं बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु अभिलेख तैयार किये जा रहे है। बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र करने के लिये आवश्यक अभिलेख दिनांक 07.06.2022 तक तैयार करते हुये आवेदन करने हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया।



एन.एच.–39 एव 44 से सम्बन्धित समस्त प्रकरण को दिनांक 10.06.2022 तक सम्बन्धित को प्रेषित करने को समस्त एजेन्सियों को निर्देशित किया गया।

रेलवे विभाग विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने के सापेक्ष गुलारा, बचावली, तिलैथा एवं बुढपुरा पेयजल योजनाओं की कुल 16 नग प्रस्तावित अनापत्तियों के सापेक्ष 11 नग के प्राक्कलन प्राप्त हो चुके है, जिनमें से 03 नग की बी.जी. सम्बन्धित को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु प्रेषित की जा चुकी है। कुरैछा ग्राम पेयजल योजना हेतु प्रस्तावित 02 नग प्राक्कलन प्राप्त किये जा चुके है परन्तु अनुबन्धित फर्म द्वारा बी.जी. जमा नही की गयी है। इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना मे संयुक्त निरीक्षण उपरान्त अभिलेख तैयार किये जा रह है।

गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो के समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 08.05.2022 को माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा किये गये योजना के निरीक्षण के दौरान एन.सी.सी. कम्पनी के डी.जी.एम. श्री रमेश द्वारा उपरोक्त योजना से 30 जून, 2022 के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन को आश्वस्त किया गया। परन्तु फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गति से यह परिलक्षित हो रहा है कि फर्म द्वारा कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु कोई सार्थक

प्रयास नहीं किये जा रहे है, जबकि योजना के कार्यो को अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी के संख्या को बढ़ाते हुये दिन–रात दो पालियों मे कार्य को कराते हुये 30 जून, 2022 तक फिल्टर का कार्य पूर्ण करने कई अनुस्मारक प्रेषित किये जा चुके है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया।

बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान योजना के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि इन्टेक वेल के निर्माण कार्य को तीव्रगति से कराते हुये आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व एच.एफ.एल. लेबल तक पूर्ण कर लिया जाये ताकि वर्षा ऋतु योजना की प्रगति को प्रभावित न करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत 05 नग ओवर हैड टैंक एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य बन्द है, जिस पर परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ करते हुये निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान पाया गया कि वर्तमान मे योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य मात्र 60 प्रतिशत ही पूर्ण किया गया है, इन्टेक वेल सिंकिग कार्य पूर्ण के पश्चात् 12 सेमी. अन्दर की ओर Tilt हो गया है, जिसे तकनीकी टीम की सहायता से सीधा कराने हेतु निर्देशित किया। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कार्यो को अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के सार्थक प्रयास करना सुनिश्चित करें, ताकि कार्यो को पूर्ण करते हुये योजना का लाभ ग्रामवासियों को मिल सकें।

बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के डी.जी.एम. श्री विजय लोखण्डे द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 40 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 80 प्रतिशत, 14 नग ओ.एच.टी. के कार्य 60 प्रतिशत, 8 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य 50 प्रतिशत, रॉ–वाटर राइजिंग मेन–13.852 किमी., क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 99.28 किमी. एवं 466.842 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत जोन खारी एवं बघौरा में पाईप लाइन बिछाने एवं गृह संयोजन करने के कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु कार्य योजना तैयार करने हेतु फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया।




इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 18 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 48 प्रतिशत, 12 नग ओ.एच.टी. के कार्य 50 प्रतिशत, 8 नग सी.

डब्लू.आर. के कार्य 41 प्रतिशत, रॉ–वाटर राइजिंग मेन–0.329 किमी., क्लीयर वाटर राईजिंग मेन–65.00 किमी. एव 205.904 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

बरथरी–टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा अवगत कराया गया है कि बरथरी योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 6 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 3 प्रतिशत, 15 नग के सापेक्ष 11 ओ.एच.टी. के कार्य 35 प्रतिशत, 11 नग सी.डब्लू.आर. के सापेक्ष 05 नग का कार्य 25 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 7.295 किमी. एव 85.765 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। टेहरका योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 10 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 10 प्रतिशत, 11 नग के सापेक्ष 09 ओ.एच.टी. के कार्य 26 प्रतिशत, 09 नग सी.डब्लू.आर. के सापेक्ष 06 नग का कार्य 30 प्रतिशत, रॉ–वाटर राइजिंग मेन–0.215 किमी., क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 25.877 किमी. एवं 128.381 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा पर ज्ञात हुआ है कि इन्टेक वेल का ड्राइंग/डिजाईन मे आंशिक संशोधन कराने के कारण काम बन्द है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा असन्तोष व्यक्त करते हुये स्वीकृत ड्राइंग एव डिजाईन के अनुसार ही कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करते हुये निर्धारित समयावधि मे पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री टीपू सुल्तान द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 60 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. का कार्य 75 प्रतिशत किया जा चुका है, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 15 अगस्त, 2022 तक किसी वी.वी.आई.पी. द्वारा कार्य स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया जा सकता है। अतः इन्टेक वेल एवं डब्लू.टी.पी. के कार्य को श्रमिकों एवं मशीनरी के संख्या बढ़ाते हुये उक्त तिथि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



बढवार ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के प्रतिनिधि श्री विशाल द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 85 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 65 प्रतिशत, 9 नग ओ.एच.टी. के कार्य 56 प्रतिशत, 5 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य 30 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 10.00 किमी. एवं 139.048 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया

बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि योजनान्तर्गत एफ.एच.टी.सी. के कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्य योजना तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

समस्त अनुबन्धित फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने के कार्य की कार्य योजना तैयार करते हुये अधिशासी अभियन्ता जल निगम के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झाँसी

## कार्यालय अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी।

पत्रांक– 1681 / एस0टी0 / नमामि गंगे / कार्यवृत / 2021 दिनॉक जून 2021

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
3– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
4– मुख्य विकास अधिकारी, झॉसी।
5– सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झॉसी